### हर्रई की में दो लोगों के बह जाने पर कलेक्टर शख्त, पुल-पुलियों पर 24 घंटे निगरानी के दिए निर्देश

# कोटवार की सेवा समाप्त और पटवारी को कारण बताओ नोटिस



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई. हर्रई में दो लोगों के बह जाने के बाद कलेक्टर ने शख्त रवैया अपनाया. उन्होंने लापरवाही बरतने पर कोटवार की सेवा समाप्त करने और संबंधित ग्राम के पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए है.**

आज समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक बैठक लेते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए. बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि प्रत्येक अधिकारी स्वयं अपने विभाग के लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करें. उन्होंने निर्देश दिए कि टीएल बैठक में शामिल होने वाले सभी अधिकारी प्रकरणों का व्यक्तिगत रूप से परीक्षण करें तथा अधीनस्थ कर्मचारियों पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं उनकी प्रगति पर नजर रखें. हर्रई क्षेत्र में हाल ही में हुई बारिश के दौरान दो लोगों के बह जाने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने संबंधित ग्राम के कोटवार की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए. साथ ही संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मैदानी अमले की सक्रियता अत्यंत आवश्यक है तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी.

### स्वास्थ्य विभाग को सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

बैठक में जिले में लगातार बढ़ रही सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम उपलब्ध रहे, ताकि सर्पदंश के किसी भी मरीज का तत्काल उपचार किया जा सके और जनहानि को रोका जा सके. उन्होंने सभी पीएचसी के बाहर स्पष्ट सूचना-पट्ट लगाने के निर्देश भी दिए, जिस पर उल्लेख हो कि केंद्र में एंटीवेनम उपलब्ध है, जिससे आमजन को आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके.

### 24 घंटे निगरानी करने के दिए निर्देश

मानसून के मद्देनजर कलेक्टर श्री नारायन ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर पुल-पुलियों के ऊपर पानी आने की संभावना रहती है, वहां 24 घंटे निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील स्थलों पर आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए तथा संबंधित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि ड्यूटी का पालन नियमित रूप से हो रहा है या नहीं. उन्होंने अधिकारियों को स्वयं भी ऐसे स्थलों का निरीक्षण करने और किसी भी स्थिति में लोगों को जलमग्न पुल-पुलियों को पार नहीं करने देने के निर्देश दिए.

## 5.46 लाख रुपये लेकर फरार आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

### फर्जी आधार कार्ड के सहारे हरभजन सिंह बनकर करता था नौकरी



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई. कोतवाली पुलिस ने शराब दुकान के कलेक्शन के 5.46 लाख रुपये लेकर फरार हुए आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी कई वर्षों से फर्जी पहचान के सहारे अलग-अलग राज्यों में नौकरी कर रहा था।**

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि जिस व्यक्ति को हरभजन सिंह समझा जा रहा था, उसका वास्तविक नाम शाबीर अली है। उसके पास से दो मोबाइल फोन, फर्जी आधार कार्ड, फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस, 17 हजार रुपये नकद तथा बैंक खाते में जमा करीब दो लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 28 जून 2026 को शराब कारोबारी कंवरजीत सिंह बेदी ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी खमारपानी, बिछुआ, उभेगांव और बिसापुर स्थित शराब दुकानों का कुल 5,46,050 रुपये का कलेक्शन कर्मचारी हरभजन सिंह उर्फ हरभेज सिंह को लालबाग स्थित कार्यालय में जमा कराने के लिए दिया गया था। लेकिन वह राशि जमा किए बिना फरार हो गया। शिकायत पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 502/26 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।पुलिस की टीम ने हिसार, रुद्रपुर, लुधियाना और चंडीगढ़ सहित कई स्थानों पर लगातार दबिश दी और अंततः आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

### सिख परिवारों के बीच रहा था आरोपी

पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले अपना नाम साबिर बताया, तलाशी लेने पर उसके पास दो अलग-अलग आधार कार्ड मिले. एक पर हरभजन सिंह और दूसरे पर शाबीर अली का नाम दर्ज था. कड़ी पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसका असली नाम शाबीर अली है और वह उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले का निवासी है. बचपन में माता-पिता की मृत्यु के बाद वह सिख परिवारों के बीच रहा, जिससे पंजाबी भाषा सीख गया. इसी का फायदा उठाकर उसने करीब पांच-छह वर्ष पहले हरियाणा से हरभजन सिंह के नाम से फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लिया तथा उसी पहचान से विभिन्न स्थानों पर नौकरी करता रहा.

### घूमने फिरने में खर्च किया रुपए

आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी की गई राशि का अधिकांश हिस्सा मोबाइल खरीदने, महंगे होटलों में ठहरने और घूमने-फिरने में खर्च कर दिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है. पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पंजाब के भटिंडा और हरियाणा के हिसार में मादक पदार्थों से जुड़े दो मामले पहले से दर्ज हैं. पुलिस ने आरोपी से नकद राशि 17,000 रुपये, बैंक खाते में जमा लगभग 2 लाख रुपये ,दो मोबाइल फोन , फर्जी आधार कार्ड ( हरभजन सिंह एवं शाबीर अली नाम से ) ,फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस ,शराब भट्टी के वाउचर ,बैंक पासबुक जब्त किया है.

### शराब के नशे में युवक ने की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा .** देहात थाना क्षेत्र के शंकर नगर परतला के रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है बताया जा रहा है वह शराब पीने का आदी था। जानकारी अनुसार अजय पिता स्वर्गीय संतोष करदे 32 साल शंकर नगर का रहने वाला है उसने रात में परिवार के साथ खाना खाया। उसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। जब सुबह पत्नी उठी तो उसे उसने कमरे में देखा उसका पति फांसी के फंदे पर झूला हुआ था। महिला देखकर दंग रह गई। उसकी रोने चीखने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य लोग और आस-पड़ोस के लोग आ गए। उसके शव सूचना पर पहुंची पुलिस ने ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है .

## आनियमित्ताएं पाए जाने पर 6 वाहन किए गए जब्त

### परिवहन विभाग ने की चौरई और उमरेठ मार्ग पर स्कूल वाहनों की जांच



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई. परिवहन विभाग के विशेष जांच दल ने चौरई एवं उमरेठ मार्ग पर संचालित स्कूल वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान जांच दल ने आनियमित्ताएं पाए जाने पर 6 वाहनों को जब्त कर लिया वही छोटे-बड़े करीब 30 वाहनों की जांच की ।**

जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि जांच दल ने आज चौरई और उमरेठ मार्ग पर वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं का परीक्षण किया । जांच के दौरान निर्धारित प्रावधानों में कमियां पाए जाने पर 6 वाहनों को जप्त किया । इनमें स्कूल बस क्रमांक एमपी 28 पी 0562 (चौरई थाना), एमपी 28 पी 0353, एमपी 28 पी 0739, एमपी 28 जेडएन 4153, एमपी 22 जेडजी 9903 तथा एक निजी वाहन एमपी 09 बीए 6680 शामिल है, जो स्कूल में बिना आवश्यक दस्तावेजों के संचालित पाया गया। सभी जप्त वाहनों को सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में खड़ा कराया गया। इसके अलावा मोटरयान अधिनियम के तहत दस्तावेजों एवं अन्य कमियां पाए जाने पर 8 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 60,700 रुपये का राजस्व वसूल किया गया। परिवहन विभाग ने स्कूल वाहन संचालकों एवं चालकों को समझाइश दी कि वे नियमों अनुरूप ही वाहनों का संचालन करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत

**छिंदवाड़ा।** तामिया थाना क्षेत्र के काम डोरा गांव की रहने वाली महिला की सर्पदंश से मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है जानकारी अनुसार हरिवती पति लक्ष्मण सल्लाम 55 साल खमडोरा गांव की रहने वाली है बीते दिन दोपहर को वह अपने कमरे में थी। इस दौरान कमरे में सांप घुस गया और महिला को डस लिया। जिसके बाद महिला की हालत गंभीर हो गई। परिजन इलाज के लिए उसे गम्भीर हालात में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान महिला ने सोमवार की सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## उफनते नाले में बहे दो लोगों के शव शक्कर नदी में मिले

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई. हर्रई थाना अंतर्गत केवलारी में बीते दिनों तेज बारिश के दौरान उफनते नाले को पार करते समय 2 शख्स तेज बहाव में बह गए। 2 दिनों पहले हुए इस हादसे के बाद 2 का शव केवलारी से 20 किलो मीटर दूर शक्कर नदी से निकाले गए।**

जानकारी में हर्रई थाना प्रभारी ओमेश मार्को ने बताया कि 4 जुलाई की रात्रि 9 बजे 31 वर्षीय मृतक विजय मालवी एवं बलराम उइके 55 साल मौहरिया बोनी करने अपने ससुराल जा रहे थे। जहां केवलारी के पास एक उफनते नाले को पार करते समय वह तेज बहाव में पानी के साथ बह गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नाले के ऊपर पानी बहुत होने के कारण वह अपने आप को संभाल नहीं पाए। जानकारी मिलने पर जब पुलिस द्वारा उनका रेस्क्यू शुरू किया गया तो विजय का शव 5 तारीख को मिला जबकि बलराम का शव आज शक्कर नदी से निकाला गया। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### जिले में अभी तक 230.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा.** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 230.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 276.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 06 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 26.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 06 जुलाई 2026 को प्रात:8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 71.4, मोहखेड़ में 12.5, तामिया में 11, अमरवाड़ा में 33.2, चौरई में 51, हर्रई में 13.2, बिछुआ में 14.3, परासिया में 05, जुन्नारदेव में 05, चांद में 72.2 और उमरेठ में 3.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 162.2, मोहखेड़ में 96.3, तामिया में 211, अमरवाड़ा में 220.6, चौरई में 322, हर्रई में 160.3, बिछुआ 222.8, परासिया में 165.6, जुन्नारदेव में 198.6, चांद में 403.5 और उमरेठ में 215.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## 124 घरों में किया गया डेंगू के लार्वा का सर्वे

### 11 घरों में पाये गये एडीज मच्छर के लार्वा को कराया गया नष्ट

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई. डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिये गुरूवार को शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-23 संत रविदास वार्ड, गुरुद्वारा में 3 दलों द्वारा 124 घरों में डेंगू के लार्वा का सर्वे किया गया व 11 घरों में पाये गये एडीज मच्छर के लार्वा को लार्वानाशक दवाई डालकर/खाली कराकर नष्ट कराया गया।**

सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है की अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नहीं पनप रहे व खाली कर सफाई कर दे। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जाये, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करें, शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआं करें। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में डेंगू एलिसा टेस्ट नि:शुल्क कराए।

## ननि अमले ने शहर के प्रमुख मार्गों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई. शहर के मुख्य मार्गों पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और राहगीरों की सुगमता के लिए नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा सघन रोको-टोको अभियान चलाया जा रहा है।**

नगर निगम आयुक्त सीपी राय के आदेशानुसार एवं अतिक्रमण प्रभारी सागर बोरकर के निर्देशन में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आज शहर के एक बड़े हिस्से में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत परासिया रोड सत्कार तिराहे से लेकर पंकज टॉकीज, इंदिरा तिराहा, पुलिस पेट्रोल पंप होते हुए चार फाटक, तथा सिवनी रोड से चार फाटक ब्रिज तक और छोटा तालाब के समीप से होते हुए शांतिनाथ लॉन व मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से फव्वारा चौक तक व्यापक अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क और फुटपाथ पर दुकानदारों एवं फुटकर व्यापारियों द्वारा अनधिकृत रूप से रखे गए सामान व सामग्री को तत्काल उनके निर्धारित क्षेत्र के भीतर अंदर कराया गया। निगम अमले द्वारा सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई कि वे मुख्य सड़क या फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए यह रोको-टोको अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सांसद ने 4 मरीजों को दिलाई 2 लाख 45 हजार की राशि

**छिंदवाड़ा.** सांसद बंटी विवेक साहू ने आर्थिक रूप से कमजोर 4 मरीजों का इलाज नही हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपनी पदयात्रा के दौरान ही चारों मरीजों के आवेदनों पर अपनी सहमती जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भेजते हुए उनसे मरीजों को बीमारी इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से चारों मरीजों को 2 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर दी है।

## दो आश्रितों को प्रदान की गई अनुकंपा नियुक्ति

### नगर निगम कार्याल मे महापौर विक्रम अहके ने सौंपे आदेश पत्र



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई.नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित वैधानिक कार्रवाई करते हुए दो आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है।**

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेशानुसार, निगम में कार्यरत रहे दिवंगत कर्मचारी अशोक यादव के निधन उपरांत उनके पुत्र अंशुल यादव तथा दिवंगत कर्मचारी विनोद मेहरोलिया के निधन उपरांत उनकी अविवाहित पुत्री कु. नैना मेहरोलिया को पात्रता एवं नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। इस अनुकंपा नियुक्ति के आधिकारिक आदेश पत्र मंगलवार को नगर निगम के महापौर विक्रम अहके द्वारा दोनों हितग्राहियों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर महापौर एवं उपस्थित अधिकारियों ने नियुक्ति पाने वाले दोनों युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निगम व जनसेवा के कार्यों का निर्वहन करने की सीख दी। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव, राजेंद्र सोनी एवं संतोष सोलंकी सहित नगर निगम के अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बैठक** — कलेक्टर अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

# बाल मजदूरी के मामलों में करे त्वरित कार्रवाई : श्री नारायन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 6 जुलाई.कलेक्टर नारायन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति ( डी.सी.डब्ल्यू.पी.सी. ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न बाल संरक्षण एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

बैठक में कलेक्टर हरेन्द नारायन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी बाल हितैषी योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे को योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार जिले में स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 532 बच्चों, फॉस्टर केयर योजना के तहत 2 बच्चों, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत 476 बच्चों, मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल सेवा योजना के तहत 49 बच्चों तथा पी.एम. केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत 25 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नारायन ने इन सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### नियमित रूप से करे निरीक्षण

कलेक्टर श्री नारायन ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिले में बाल संरक्षण समितियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। यदि कहीं भी बाल मजदूरी अथवा बच्चों के शोषण का मामला सामने आता है तो तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### संवेदनशीलता के साथ करे कार्य

उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्रस्तुत की तथा बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की ।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU / M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths / B.Sc. Biology
B.Com. Honours / M.Com.
B.A. Honours / B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि: शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589